दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ग्रुप सी पदों की लिखित परीक्षा में बुलाएगा चार गुना से ज्यादा उम्मीदवार

- **एक ग्रुप में एक उम्मीदवार को एक गिना जाएगा, भले वह सभी पदों के लिए पात्र हो**
- **इस तरह चार गुना से ज्यादा उम्मीदवारों को मिलेगा लिखित परीक्षा में मौका**

डॉ. सुरेंद्र धीमान / सवेरा ब्यूरो


भोपाल सिंह

चंडीगढ़, 03 जुलाई : हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ग्रुप सी पदों के लिए जो लिखित परीक्षा लेगा, उसमें चार गुना से ज्यादा उम्मीदवारों को बुलाएगा। इसके लिए आयोग ने फैसला कर लिया है कि एक ग्रुप में अगर एक उम्मीदवार एक से ज्यादा पदों के लिए पात्र है तो उन सभी पदों के लिए उसे सिर्फ एक उम्मीदवार माना जाएगा। शेष पदों के लिए दूसरे उम्मीदवारों को पात्र माना जाएगा। इस तरह चार गुना से ज्यादा उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में मौका मिल सकेगा। आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी और सदस्य कंवल जीत सैनी ने सोमवार को दैनिक सवेरा को बताया कि मसलन एक ग्रुप में 59 कैटेगरी हैं। एक कैटेगरी का मतलब पदनाम है। इन पदों को संख्या आगे जनरल, एससी, बीसीए, बीसीबी, ईडब्ल्यूएस, एक्ससर्विसमैन की सब कैटेगरी होती है। अगर मान लो कि एक ग्रुप में 59 कैटेगरी के 6600 पद हैं और एक उम्मीदवार इन 59 कैटेगरी में से 50 कैटेगरी में पात्र है तो उसे 50 कैटेगरी में अलग-अलग नहीं गिना जाएगा बल्कि उसे एक उम्मीदवार माना जाएगा और शेष 49 कैटेगरी के दूसरे उम्मीदवारों को मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि ग्रुप में कैटेगरी के पदों की संख्या से चार गुना उम्मीदवारों को इस तरह मौका मिल सकेगा। अगर इन 6600 पदों की चार गुना 25400 को ही मौका मिलता। मगर आयोग के फैसले के अनुसार यह संख्या छह गुना तक पहुंच सकती है।

दैनिक सवेरा एक्सक्लूसिव

## ग्रुप अनुसार शॉर्ट लिस्ट उम्मीदवारों की सूची परीक्षा से पहले सार्वजनिक होगी

अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी और सदस्य कंवल जीत सैनी ने बताया कि आयोग ने फैसला किया है कि ग्रुप अनुसार शॉर्ट लिस्ट किए जाने वाले उम्मीदवारों की सूची लिखित परीक्षा से पहले सार्वजनिक की जाएगी। उदाहरण के तौर पर किसी ग्रुप के लिए अगर 25000 उम्मीदवार लिखित परीक्षा के लिए पात्र हो रहे हैं और उनमें से लगभग 12000 ऐसे उम्मीवदार हैं, जिन्हें सामाजिक-आर्थिक मानदंड के अंक मिले हुए हैं तो लगभग 6000 अतिरिक्त उम्मीदवार कट ऑफ के अनुसार छांटे जाएंगे और इन लगभग 31000 उम्मीदवारों की सूची सार्वजनिक की जाएगी। आयोग यह बताएगा कि इन शॉर्ट लिस्ट किए उम्मीदवारों में से कट ऑफ अनुसार लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। सूची सार्वजनिक करने का मकसद है कि अगर किसी को लगता है कि किसी ने सामाजिक-आर्थिक मानदंड के अंक गलत ले रखे हैं तो वह उसके बारे में आयोग को सूचित कर सकता है।

## पूर्ण स्कोर से ऊपर के सभी उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में बुलाएंगे : अध्यक्ष

अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि आयोग ने फैसला किया है कि ग्रुप अनुसार और कैटेगरी अनुसार उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए पूर्ण स्कोर से ऊपर के सभी उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा। इससे भले ही संख्या छह गुना ही क्यों न हो जाए। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि मान लो कट ऑफ 71.42012 है तो आयोग पूर्ण स्कोर 71.00 से ऊपर के सभी उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए बुलाएगा। इस 71.00 स्कोर वाले सभी उम्मीदवार भी शामिल किए जाएंगे। अध्यक्ष ने कहा कि यह फैसला इसलिए किया गया है ताकि भविष्य में कोई उम्मीदवार यह न कह सके कि उससे ऊपर के उम्मीदवार के सामाजिक-आर्थिक मानदंड के अंक थे और बाद में अगर वे अंक गलत मिले तो उसे मौका मिल सकता था।

## आरक्षित कैटेगरी को जनरल कैटेगरी में मिल सकता है लाभ

दैनिक सवेरा ने पूछा कि परिवार पहचान पत्र के कारण जिन बीसीए, बीसीबी की कैटेगरी ही रही मगर वे क्रीमी लेयर में हैं तो उनका क्या होगा? अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि जिन पदों में आरक्षित श्रेणी की सीटें नहीं हैं, उनमें आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को जनरल कैटेगरी में गिना जाएगा मगर उनकी कट ऑफ जनरल कैटेगरी में आती हो और दूसरी पात्रता पूरी करते हों। इसमें एससी, बीसी और अन्य आरक्षित श्रेणियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिन पदों में जनरल कैटेगरी की कोई सीट नहीं है तो उनमें जनरल कैटेगरी के उम्मीदवार बाहर हो जाएंगे और केवल आरक्षित कैटेगरी के उम्मीदवारों को अपनी कैटेगरी में मौका मिलेगा। अगर किसी कैटेगरी में जरनल, एससी, बीसीए, बीसीबी श्रेणियां हैं तो फिलहाल बीसीए, बीसीबी को अपनी कैटेगरी में परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। अगर चयन के समय जनरल कैटेगरी के कट ऑफ में बीसीए, बीसीबी उम्मीदवार का नंबर पड़ता होगा तो उसका चयन जनरल में हो जाएगा। अपनी कैटेगरी में क्रीमी लेयर के कारण नहीं होगा।

## अगर सीईटी परीक्षा के अंकों पर परीक्षा लेते तो एक ही कैटेगरी में 2.25 लाख उम्मीदवार जद में आते

दैनिक सवेरा ने पूछा कि कुछ उम्मीदवारों ने यह मांग की है कि सामाजिक-आर्थिक मानदंड के पांच अंकों के बगैर सीईटी की मुख्य परीक्षा के अंकों के आधार पर परीक्षा ली जानी चाहिए। अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि एक बार आयोग ने चेक करने के लिए देखा था तो पाया कि एक ग्रुप में 32000 के स्थान पर 2.25 लाख उम्मीदवार और एक में 1.25 लाख उम्मीदवार जद में आते। अधिकतर रिपीट होते। उन्होंने कहा कि वैसे भी सीईटी अधिसूचना के मुताबिक सीईटी स्कोर में सीईटी परीक्षा और सामाजिक-आर्थिक मानदंड के अंक शामिल हैं।

## अगले सप्ताह से ग्रुप अनुसार शॉर्ट लिस्ट आएगी, अगस्त के शुरू में परीक्षा संभव हो पाएगी

दैनिक सवेरा ने पूछा कि ग्रुप अनुसार शॉर्ट लिस्ट उम्मीदवारों की सूची कब आएगी? अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि अगले सप्ताह से यह सूची सार्वजनिक करनी शुरू कर दी जाएगी। इन सूची में अगर किसी को लगता है कि सामाजिक-आर्थिक मानदंड के अंक वापस लेना चाहता है तो वह ले सकेगा। मगर इसके लिए कौनसा तरीका अपनाया जाएगा, उसका फैसला बाद में होगा। जो 13000 उम्मीदवारों का संशोधित रिजल्ट जारी होना है, वह तीन-चार दिन में जारी हो जाएगा। दैनिक सवेरा ने पूछा कि लिखित परीक्षा कब से संभव हो सकती है? अध्यक्ष ने कहा कि वैसे प्रयास तो जुलाई के अंत में है मगर अगस्त के शुरू में ही संभव हो पाएगा। ग्रुप अनुसार शॉर्ट लिस्ट उम्मीदवारों में से अपडेट होने के बाद लिखित परीक्षा के लिए जिन्हें छांटा जाएगा, उन्हें एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ग्रुप अनुसार और कैटेगरी अनुसार कट ऑफ भी सार्वजनिक किए जा सकते हैं। ग्रुप अनुसार शॉर्ट लिस्ट सूची जारी होने से उम्मीदवारों को भी पता चल जाएगा कि किनका नंबर परीक्षा में आएगा और कौन बाहर हो पाएंगे। एक अनुमान के अनुसार लगभग 1.25 लाख उम्मीदवार इन 32000 पदों के लिए पेपर देंगे।

## पुलिस भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को ओवरएज में नहीं मिलेगी छूट : अध्यक्ष

दैनिक सवेरा ने पूछा कि कुछ उम्मीदवारों ने दैनिक सवेरा से सवाल पूछा है कि पुलिस सिपाही के पुरुष और महिला पदों के लिए जो भर्ती होनी है, अभी तक उसका विज्ञापन नहीं आया है मगर क्या सीईटी पास उम्मीदवारों को ओवरएज में छूट मिलेगी? अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने कहा कि यह ठीक है कि पुलिस सिपाही भर्ती के लिए सीईटी पास होना जरूरी है मगर सीईटी पास होने की डेट से भर्ती के लिए उम्र का कोई संबंध नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस दिन भर्ती का विज्ञापन जारी होगा, उस महीने की पहली तारीख को ओवरएज के लिए तय तिथि माना जाएगा और आवेदन की आखिरी तारीख को न्यूनतम उम्र के लिए तिथि माना जाएगा। मसलन अगर विज्ञापन 20 जुलाई, 2023 को प्रकाशित होता है और आवेदन की आखिरी तारीख 16 अगस्त, 2023 होती है तो एक जुलाई, 2023 को उम्र की ऊपरी सीमा के लिए तिथि माना जाएगा जबकि 16 अगस्त, 2023 को न्यूनतम उम्र के लिए तिथि माना जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक पुलिस भर्ती रूल्स संशोधित नहीं हुए हैं। उसके बाद ही विज्ञापन जारी होगा।

## पीएमटी का शेड्यूल जल्द, टीजीटी की डीवी 5 जुलाई से

अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि पीएमटी का शेड्यूल एक-दो दिन में जारी हो जाएगा। टीजीटी की डीवी 5 जुलाई से शुरू होगी। पीएमटी का भी कट ऑफ बताएंगे। उन्होंने बताया कि अगर किसी उम्मीदवार ने फॉर्म भरते समय परिवार में सरकारी नौकरी न होने के अंक क्लेम किए थे और मगर गलती से पारिवारिक आय 1.80 लाख रुपये से ज्यादा लिखी गई तो दस्तावेज के समय वे अगर 1.80 लाख रुपये का प्रूफ दिखाएंगे तो उन्हें नंबर मिल सकते हैं। मगर मूल रूप से क्लेम किए होने चाहिएं। उन्होंने साफ किया कि अगर किसी ने आवेदन के समय क्लेम नहीं किए, अब भले ही उनकी 1.80 लाख रुपये तक की आय हो और कोई सरकारी नौकरी में न हो तो भी उसे नंबर नहीं मिलेंगे। मगर 1.80 लाख रुपये की सालाना आय आवेदन के समय जो प्रूफ दिया गया था, वही अब दिखाना होगा। भले ही उसकी अस्थायी नौकरी लग गई हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर किसी की स्थायी तौर पर सरकारी नौकरी लग गई होगी तो उसे दस्तावेज जांच के समय अंक छोडने होंगे। अगर नहीं छोड़ेंगे बाद में सीईडी रिपोर्ट के बाद उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई होगी।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग रिवाइज करेगा लगभग 13000 उम्मीदवारों का सीईटी रिजल्ट

**ईएसएम, ईडब्ल्यूएस, फादरलेस, विधवा, बीसीए, बीसीबी कैटेगरी ठीक होगी, अनुभव के अंक कटेंगे**



भोपाल सिंह

डॉ. सुरेंद्र धीमान / सवेरा ब्यूरो

दैनिक सवेरा एक्सक्लूसिव

चंडीगढ़, 02 जुलाई : हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने लगभग 13000 उम्मीदवारों का सीईटी रिजल्ट संशोधित करने का फैसला किया है। दैनिक सवेरा और आयोग के पास लगातार शिकायतें जा रही थी। आयोग ने पहले दिन ही खामियां ठीक करने का फैसला किया था। अब आयोग ने ये खामियां लगभग ठीक कर ली हैं। एक-दो दिन और लगेगा। उसके बाद इन उम्मीदवारों का संशोधित रिजल्ट सार्वजनिक कर दिया जाएगा। सीईटी का विस्तृत रिजल्ट घोषित होने के बाद ज्यादातर शिकायतें थी कि एक्ससर्विसमैन (ईएसएम) और जनरल कैटेगरी दोनों दिखाई दे रही हैं। इकोनॉमिक वीकर सेक्शन (ईडब्ल्यूएस) होने के बावजूद अंक नहीं मिले हैं। फादरलेस होने के बावजूद अंक नहीं जुड़े हैं, विधवा के अंक नहीं मिले हैं, एससी, बीसीए और बीसीबी कैटेगरी और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी दिखाई हुई है। कुछ उम्मीदवारों ने अनुभव के अंक गलत लिए हुए हैं। यह भी शिकायत आई थी कि जनरल कैटेगरी के उम्मीदवार को 47.5 अंक से कम होने के बावजूद उसे सीईटी में पास दिखाया हुआ है। आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने सोमवार को दैनिक सवेरा को बताया कि आयोग ने उम्मीदवारों की तरफ से आई सभी शिकायतों, खामियों का संज्ञान लिया और उन्हें ठीक करने का फैसला किया। तीन दिन से दुरुस्त करने का काम चल रहा है। उम्मीद है कि दो-तीन दिन में ऐसे लगभग 13000 उम्मीदवारों का संशोधित सीईटी रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

## फादरलेस के 2812 उम्मीदवारों ने अंक छोड़े मगर रिजल्ट में जुड़े रहे

आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि 2812 ऐसे उम्मीदवार हैं, जिन्होंने फादरलेस कैटेगरी में अंक छोड़ने के लिए पोर्टल पर आवेदन किया था मगर तकनीकी कारण से ये अंक रिजल्ट से नहीं हटे। अब इनके अंक हटा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विधवा कैटेगरी में सात उम्मीदवार हैं, जिन्होंने अंक छोड़े थे मगर ये अंक जुड़े रहे। अब डाटा अपडेट हो गया है और ये अंक हटने के बाद रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

## 179 ने ईएसएम, ईडब्ल्यूएस कैटेगरी दोनों भरी हुई हैं : अध्यक्ष

अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि 179 एक्ससर्विसमैन (ईएसएम) उम्मीदवार हैं, जिनकी ईडब्ल्यूएस जनरल कैटेगरी भी भरी हुई है। अब इसे ठीक किया जाएगा और ये उम्मीदवार एक्ससर्विसमैन की कैटेगरी में गिने जाएंगे। इसी तरह बीएसीए के 36 और बीसीबी के 35 उम्मीदवार हैं, जिन्होंने ईडब्ल्यूएस कैटेगरी भी भरी है। ये उम्मीदवार अब अपनी-अपनी कैटेगरी यानी बीसीए और बीसीबी में चले जाएंगे। इसी तरह अनुसूचित जाति के 53 उम्मीदवार हैं, जिन्होंने ईडब्ल्यूएस कैटेगरी भी भरी हुई है। एससी कैटेगरी के उम्मीदवार की ईडब्ल्यूएस कैटेगरी नहीं हो सकती। इसलिए ये उम्मीदवार अपनी मूल कैटेगरी एससी में चले जाएंगे।

## 3218 एक्ससर्विसमैन में से कुछ का डाटा अपडेट नहीं हुआ था : अध्यक्ष

अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि एक्ससर्विसमैन के कुल 3218 उम्मीदवार हैं, जिनमें से कुछ का डाटा अपडेट नहीं हुआ था। इनमें से 1908 जनरल कैटेगरी के ईएसएम हैं, 322 बीसीए के हैं, 839 बीसीबी के हैं और 149 अनुसूचित जाति कैटेगरी के हैं। अब इनका डाटा ठीक कर दिया जाएगा और ये एक्ससर्विसमैन अपनी-अपनी मूल कैटेगरी में चले जाएंगे।

## अनुभव के 11205 उम्मीदवारों ने अंक क्लेम किए : अध्यक्ष

अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि अनुभव के 11205 उम्मीदवारों ने अंक क्लेम किए हैं। इनमें से काफी उम्मीदवारों के अनुभव में गड़बड़ी मिली है। इनकी स्क्रीनिंग चल रही है। इनमें से 3605 ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनका अनुभव ग्रुप डी पद का है। इसलिए वे ग्रुप सी पद के लिए पात्र नहीं हैं। इनके अंक कट जाएंगे। इनके अलावा स्क्रीनिंग में मिला है कि लगभग 50 फीसदी उम्मीदवारों का अनुभव प्रमाण पत्र प्राइवेट संस्थाओं का है जबकि हरियाणा सरकार या प्रदेश सरकार के संस्थानों का होना चाहिए। इसलिए स्क्रीनिंग के बाद उनके ये अंक कट जाएंगे। अनुमान है कि 11205 में से लगभग 7590 उम्मीदवारों के अनुभव के अंक कट जाएंगे। अनुभव के लगभग 3600 उम्मीदवारों को ही अंक मिल पाएंगे। इस तरह लगभग 13000 उम्मीदवारों का सीईटी स्कोर संशोधित होगा।

## सामाजिक-आर्थिक मानदंड के गलत अंक वापस करने का मौका मिलेगा, क्लेम करने का नहीं : अध्यक्ष

दैनिक सवेरा ने पूछा कि जिन्होंने सामाजिक-आर्थिक मानदंड के अंक गलत तरीके से ले लिए हैं या उनके कटे नहीं हैं तो क्या उन्हें वापस करने का मौका दिया जाएगा और जिन्होंने क्लेम नहीं किया, क्या उन्हें क्लेम करने का मौका मिलेगा? अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने कहा कि लगभग 13000 उम्मीदवारों का रिवाइज्ड रिजल्ट जारी करने के बाद जब ग्रुपवार सूची जारी की जाएगी, तब भी उम्मीदवारों को सामाजिक-आर्थिक मानदंड के गलत अंक वापस करने का मौका दिया जाएगा। मगर उन्हें क्लेम करने का कोई मौका नहीं मिलेगा, जिन्होंने क्लेम नहीं किया था।